77

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## अगस्त-सितम्बर, 1994 सत्र

### दैनिक कार्य सूची

**शुक्रवार, दिनांक 2 सितम्बर, 1994 (भाद्र 11, 1916)**

**समय 10.30 बजे दिन**

**1. प्रश्नोत्तर**

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

**2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण**

(1) श्री बच्चन नायक, डॉ. गौरीशंकर शेजवार, डॉ. राजेन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम सामलीकला में मादक पदार्थों के निर्माण होने और अपराधी गिरफ्तार न होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. रामलखन सिंह (भिण्ड), डॉ. गोविन्द सिंह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य, ग्वालियर में पी.एम.टी. परीक्षा के प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता भंग होने की ओर जनशक्ति नियोजन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री जयंत मलैया, सदस्य, दमोह के सिविल वार्ड में डकैतों द्वारा लूट एवं हत्या की घटना की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री ईश्वरदास रोहाणी, श्रीमती जयश्री बेनर्जी, श्री ओंकार प्रसाद तिवारी, सदस्य, जबलपुर के गढ़ा थाने में पुलिस की पिटाई से एक युवक की हुई मृत्यु की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र की शासकीय शालाओं में शिक्षकों की कमी से उत्पन्न स्थिति की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्री रघुनंदन शर्मा, सदस्य, देवास जिले के काटाखोर क्षेत्र के पुलिस कर्मियों द्वारा दो व्यक्तियों से क्रूरतापूर्वक मारपीट करने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) सर्वश्री कैलाश विजयवर्गीय, ईश्वरदास रोहाणी, रामलखन शर्मा, सदस्य, शहडोल जिले के बिरसिंहपाली कस्बे में पुलिस पिटाई से एक व्यक्ति की हुई मृत्यु की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री विक्रम सिंह उसेंडी, सदस्य, बस्तर जिले के नारायणपुर वन मण्डल में वृक्षों की अवैध कटाई होने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) श्री ओमप्रकाश खटीक, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम राजा की मुढ़ेरी में एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की हत्या होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य, होशंगाबाद जिले के बाबई थानान्तर्गत पुलिस पिटाई से एक व्यक्ति की हुई मृत्यु की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) डॉ. गौरीशंकर शेजवार, श्री ईश्वरदास रोहाणी, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम हरापुरा में पंचायत चुनावों के विवाद पर तीन व्यक्तियों की हत्या की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) श्री कंकर मुंजारे, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम सिहोरा में महिला के साथ बलात्कार की घटना के रिपोर्टकर्ता के साथ मारपीट की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(13) श्री राजाराम तोडेम, सदस्य, बस्तर जिले की बीजापुर पुलिस द्वारा छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार करने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(14) डॉ. गौरीशंकर शेजवार, श्री बच्चन नायक, श्री भंवरसिंह शेखावत, सदस्य, बस्तर जिले के ग्राम राजुर में भूख से एक महिला की मृत्यु की ओर उप मुख्यमंत्री (राजस्व) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(15) सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, भूपेन्द्र सिंह, रविन्द्र चौबे, सदस्य, छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अनेक जिलों में यूरिया खाद के अभाव से उत्पन्न स्थिति की ओर उप मुख्यमंत्री (कृषि) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(16) श्री बाबूलाल गौर, श्री बच्चन नायक, डॉ. गौरीशंकर शेजवार, सदस्य, भोपाल की वसुन्धरा कॉलोनी में बम विस्फोट से हुई क्षति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(17) श्री प्रेमप्रकाश पाण्डे, सदस्य, दुर्ग जिले के ग्राम बदनारा में पुलिस पिटाई से एक व्यक्ति की मृत्यु की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(18) सर्वश्री गौरीशंकर बिसेन, दिलीप भटेरे, सदस्य, बालाघाट जिले के अनेक क्षेत्रों में धान की फसल पर गंगई रोग का प्रकोप होने की ओर उप मुख्यमंत्री (कृषि) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(19) श्री ताराचन्द साहू, सदस्य, प्रदेश के औपचारिकेतर शिक्षा केन्द्रों को बन्द किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(20) सर्वश्री ईश्वरदास रोहाणी, पर्वतलाल अहिरवार, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के पलेरा सिंचाई बांध टूटने से हुई क्षति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(21) श्री पर्वतलाल अहिरवार, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के ग्राम चरी में एक महिला के साथ बलात्कार होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(22) सर्वश्री लक्ष्मीकान्त शर्मा, राजाराम तोडेम, बच्चन नायक, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम कला देव में डकैती की घटित घटना की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 3. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्री सत्यनारायण शर्मा, सभापति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का चतुर्थ, पंचम्, षष्ठम्, तथा सप्तम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

### 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य, इन्दौर नगर के टापू क्षेत्र में पुल, सड़क का निर्माण और सफाई व्यवस्था कराये जाने,

(2) श्री मनोहरलाल राठौर, सदस्य, होशंगाबाद जिले के टिमरनी नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के भवन का निर्माण कराने,

(3) डॉ. सियाराम साहू, सदस्य, राजनांदगांव जिले के ग्राम खैरबनाकला में हाईस्कूल खोलने,

(4) श्री कैलाश कुण्डल, सदस्य, देवास जिले के -

(क) ग्राम कालापाठा के आदिवासियों को आवास उपलब्ध कराने, तथा
(ख) ग्राम रायपुरा से कन्नौद मार्ग को पक्का बनाये जाने,
के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

### 5. प्रतिवेदन पर चर्चा

1 घन्टा 30 मि. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की वैधानिक आडिट रिपोर्ट/ उत्तर एवं बोर्ड की टिप्पणी वर्ष 1990-91 (अनुभाग-1) पर चर्चा.

### 6. अशासकीय संकल्प

(1) श्री रंजीत सिह गुणवान, श्री तुकोजीराव पवार, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

20 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि इन्दौर से कोचीन एवं हावड़ा आने जाने वाली रेलों का जिला मुख्यालय पर स्टापेज एवं आरक्षण कोटा निर्धारित किया जाय".

(2) श्री जयंत मलैया, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

40 मि. "यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि देश में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के बढ़ते प्रभाव व गतिविधियों को सीमित करने हेतु आवश्यक उपाय करें".

(3) श्री ईश्वर दास रोहाणी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

30 मि. "सदन का मत है कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कार्यरत विकास प्राधिकरणों द्वारा निश्चित अवधि के लिये पट्टे पर दिये जाने वाले भू-खण्डों और उस पर प्रतिवर्ष ली जाने वाली भू-भाटक राशि की प्रथा को समाप्त कर भू-खण्डों का आवंटन पूर्ण स्वामित्व के आधार पर, भू-भाटक के स्थान पर, एक मुश्त राशि ली जाकर किया जाया करे".

-3-

(4) श्री सोनेराम कुशवाह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

40 मि. "इस सदन का मत है कि प्रदेश में लाखों हेक्टेयर भूमि जो माफी व औकाफ विभाग में मन्दिरों के नाम से दर्ज है एवं शासन को भूमि से कोई लाभ नहीं है. लेकिन शासन प्रतिवर्ष लाखों रूपया कर्मचारी व अधिकारियों पर खर्च करता है. अतः माफी औकाफ विभाग को शासन समाप्त करें".

(5) श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

20 मि. "सदन का यह मत है कि सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड के लगभग 900 सिंचाई तालाबों का जीर्णोद्धार एक निश्चित समय तय कर के कराया जाये और इस हेतु राज्य शासन प्राथमिकता पर धन उपलब्ध कराये".

भोपाल :
दिनांक : 1 सितम्बर, 1994

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा